अमर उजाला 04-03-2025

# एआई आज की आवश्यकता : दत्त



छावनी के सनातन धर्म कॉलेज में क्षमता निर्माण कार्यक्रम में संबोधित करते वक्ता। कॉलेज

**अंबाला।** जीएमएन कॉलेज ने एआई जागरूकता कार्यक्रम की एक पहल के रूप में सनातन धर्म कॉलेज में क्षमता निर्माण कार्यक्रम का आयोजन किया।

कंप्यूटर एप्लीकेशन विभाग से सहायक प्रोफेसर डॉ. मीनाक्षी गुप्ता ने जीएमएन कॉलेज के संकाय का स्वागत किया।छात्रों को उत्साह के साथ सत्र में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया। जीएमएन कॉलेज के संकाय डॉ. गीता कौशिक, डॉ. भारती सुजान और कमलप्रीत कौर पीजी कॉलेज के छात्रों के साथ बातचीत की और अपनी विशेषज्ञता साझा की।

कार्यक्रम को बीसीए, बीबीए और बीएससी अंतिम वर्ष के छात्रों के लिए डिजाइन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों को मौलिक एआई अवधारणाओं, अनुप्रयोग और क्षेत्र में भविष्य की कॅरिअर संभावनाओं से परिचित कराना रहा। कार्यक्रम का संचालन डीन डॉ. प्रबलीन कौर की देखरेख में किया गया। जीएमएन कॉलेज प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त ने इस कदम की सराहना की। उन्होंने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आज के समय की आवश्यकता है। संवाद